
# Welcome

# Patligram Developers





## THE BEST WAY TO FIND YOUR DREAM HOME

1st floor,Lalita goswami Complex, near ramkrishna nagar(bypass) durga mandir, above Axis bank, Patna, Bihar 800027

Pinky sharma

8986547075




## पाटलिग्राम में आपका स्वागत है .

पाटिलग्राम रियलएस्टेट कंपनी में आपका स्वागत है जहां आपका सपना घर साकार होगा। रियलएस्टेट उद्योग में क्रांति लाने की दृष्टि से स्थापित पाटिलग्राम रियल एस्टेट अद्वितीय सेवाएं प्रदान करने और हमारे ग्राहकों के लिए स्थायी मूल्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी यात्रा उत्कृष्टता सत्यनिष्ठा और लगातार विकसित हो रहे रियल एस्टेट परिदृश्य की गहरी समझ के जुनून से प्रेरित है।

## हमारा नज़रिया .

पाटिलग्राम रियल एस्टेट में हम एक ऐसी दुनिया की कल्पना करते हैं जहां हर किसी को अपने आदर्श रहने और काम करने की जगह तक पहुंच हो। हमारा लक्ष्य सबसे भरोसेमंद और नवोन्मेषी रियल एस्टेट कंपनी बनना है जो उद्योग में नए मानक स्थापित करेगी और हर कदम पर अपने ग्राहकों की संतुष्टि सुनिश्चित करेगी।

## हमारा विशेष कार्य नज़रिया .

हमारा मिशन व्यापक रियल एस्टेट समाधान प्रदान करना है जो हमारे ग्राहकों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करता है। हम असाधारण सेवा प्रदान करने का प्रयास करते हैं चाहे आप कोई संपत्ति खरीद रहे हों बेच रहे हों या किराए पर ले रहे हों। हमारी टीम पारदर्शिता व्यावसायिकता और विशेषज्ञता के साथ प्रक्रिया के हर चरण में आपका मार्गदर्शन करने के लिए समर्पित है।



**Sonu Goswami**
**MD (Managing Director)**



**Gajendra Gunjan**
**CEO/Founder**

एस्टेट कंपनी बनना हैजो उद्योग में नए मानक स्थापित करेगी और हर कदम पर अपने ग्राहकों की संतुष्टि सुनिश्चित करेगी।

## हमारा विशेष कार्य नज़रिया

हमारा मिशन व्यापक रियल एस्टेट समाधान प्रदान करना है जो हमारे ग्राहकों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करता है। हम असाधारण सेवा प्रदान करने का प्रयास करते हैंचाहे आप कोई संपत्ति खरीद रहे होंबेच रहे हों या किराए पर ले रहे हों। हमारी टीम पारदर्शिताव्यावसायिकता और विशेषज्ञता के साथ प्रक्रिया के हर चरण में आपका मार्गदर्शन करने के लिए समर्पित है।



**Sonu Goswami**
**MD (Managing Director)**




**Gajendra Gunja**
**CEO/Founder**




## Amenities:-


**Gated Community**



**Children Play Area / Garden**



# Road Map:-


Not to scale
To Kacchi Dargah
Darbhanga To Aurangabad 6 Lane
Darbhanga To Aurangabad 6 Lane
Toward Rajgir
To Bakhtiyarpur
Bihta To Sarmera 6 Lane
Logistic Park
Patna Metro
Usha Matin World School
Navya Hospital
Patligram Phase II
To Gandhi Setu
Zero Mile
Patna Gaya Road
Patna Gaya Road
Inter State Bus Stand
Water Park
Railway Station/Yard/ Officer Colony
Lord Buddha Institute of Medical Science & Research Centre
St. Karen's School
Patligram Phase I
Patligram Phase III
Fun & City Resort
Patligram Office
Patna Bypass Road
Parsa Sampatchak Road
Bihta To Sarmera 6 Lane
Gaya Dobhi 6 Lane Road
Gaya Dobhi 6 Lane Road
Masaurhi
Parsa
Punpun
Patna Junction
Dumri Junction


Distance from our site
2Km
Lord Buddha Medical College & Research Centre
4Km
Navya Hospital
4Km
Sri Sai College of Nursing
3Km
St. Karen's School
4Km
New Zero Mile
3Km
Railway Station & Yard
1Km
Heavy Driving Training School
3Km
Multi Speciality Logistic Park
100mtr.
Fun & City Adventure & Resort
1Km
Vir Bazzar
1Km
Institution Hub. & Muskan Resort
2Km
Doctor's Colony

# PHASE-III PLOTING MAP:-



# PHASE-III 3D MODEL:-



☆ पटना का तेजी से विकसित होता हुआ क्षेत्र ! [ BELDARICHAK ] जो कि पटना का [ NEW ZERO-MILE ] घोषित कर दिया गया है।

☆ हमारा साइट BELDARICHAK (NEW ZERO-MILE) से 2 किमी. दक्षिण हाईवे पर है।

## ☆ साइट की खासियत ☆

### ☆EDUCATIONAL HUB☆

1. ST. KAREN'S SCHOOL - (1KM)
2. SANSKAR INTERNATIONAL SCHOOL [10+2] - (1KM )
3. MAA TARA INSTITUTE OF TECHNICAL EDUCATION (B.ED/NURSING) - (1 KM )
4. ST. MARY'S SCHOOL - ( 2KM )
5. B.N. CONVENT - ( 2KM )
6. ST. XAVIER'S ABODE SCHOOL - (500 Meter )
7. SHRI SAI COLLEGE OF NURSING & PARAMEDICAL - ( 2KM )
8. SATYAM INTERNATIONAL - ( 5KM )
8. IMPACT COLLEGE - ( 5KM )
9. USHA MARTIN WORLD SCHOOL - (11KM )
10. INSTITUTIONAL HUB - (4KM)
   - BBA/BCA • LLB • B.COM • B.ED • MBA/MCA

### ☆MEDICAL FACILITY☆

1. LORD BUDDHA INTERNATIONAL INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCE - (500 Meter)
2. RAJIV SHISHU HOSPITAL - (200 Meter)
3. HOMEOPATHY CLINIC - (2 KM)
4. NAVYA HOSPITAL - ( 2KM )
5. ANIMAL HUSBANDRY RESEARCH & TRAINING CENTRE - ( 2KM )
6. SHARDA HOSPITAL MOTHER & CHILD CARE PVT. LTD. - ( 8KM )
7. NARAYAN HOSPITAL - (8KM)


### ☆NEAR BY ☆

1. HEAVY DRIVING SCHOOL - ( 500 Meter )
2. MULTI SPECIALITY LOGISTIC PARK - ( 1.5KM )
3. FUN & CITY WATER PARK, ADVENTURE & RESORT - (1.5KM )
4. MUSKAN RESORT - ( 3KM )
5. FUNTASIA WATER PARK - ( 10KM )

☆ प्लॉट खरीदने का वेट न करें।
प्लॉट खरीदे फिर वेट करें।


### ☆..CONNECTIVITY..☆

1. PATNA GAYA HIGWAY- ( 0KM )
2. NEW RAILWAY STATION - (1 KM)
3. NEW BYPASS (RING ROAD) - ( 2KM )
4. [AMAS-DARBHANGA EXPRESSWAY] ( NH-119D )- ( 3KM )
5. GAYA DOBHI HIGHWAY (NH-22 ) - ( 6KM )
6. DUMRI JUNCTION- ( 6KM )
7. METRO STATION - (16KM )
8. BUS STAND - ( 16KM )
9. ZERO MILE -( 18KM )




THE BEST INVESTMENT ON EARTH IS EARTH"

# PHASE III PROPERTIES




## Duplex Area

**PROJECT STATUS**
Under Construction

**POSSESSION DATE**
At A time of contract

**LAND AREA**
5.2 Acres (approx.)

**CONFIGURATION**
3 BHK

**BUILT-UP AREA**
1800 sq ft

**PRICE RANGE**
₹ 36 Lakh – 48 Lakh




## Premium Area

**PROJECT STATUS**
Under Construction


**POSSESSION DATE**
At A time of contract

**LAND AREA**
5.2 Acres (approx.)

**CONFIGURATION**
2,3BHK

**BUILT-UP AREA**
1200 sq ft

**PRICE RANGE**
₹ 31.5 Lakh – 48 Lakh




## Economic Area

**PROJECT STATUS**
Under Construction

**POSSESSION DATE**
At A time of contract

**LAND AREA**
5.2 Acres (approx.)


**CONFIGURATION**
2,3BHK

**BUILT-UP AREA**
1200 sq ft

**PRICE RANGE**
₹19.8Lakh – 39.6 Lakh

# विवरण

पाटलिग्राम डेवलपर्स सभी आयु वर्ग के निवासियों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सावधानीपूर्वक तैयार की गई सुविधाओं की एक श्रृंखला के साथ लक्जरी जीवन को फिर से परिभाषित करता है। हम समझते हैं कि खुशी की तलाश की कोई उम्र नहीं होती, और यहां सुविधाएं बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर निवासी के जीवन को बेहतर बनाने के लिए सोच-समझकर बनाई गई हैं। आधुनिकता और संस्कृति के मिश्रण के साथ अपने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य के लिए तैयार करने का समय आ गया है। वे ऐसी जीवनशैली के हकदार हैं जो भविष्य के सुपरस्टार बनने के लिए उनके कौशल, जुनून और चिंगारी को बढ़ाए। पटना के प्राचीन इलाके बेलदारी चक में रेलवे स्टेशन, स्कूल, बाजार, अस्पताल, पार्क और रिसॉर्ट के करीब स्थित पाटलिग्राम डेवलपर्स विलासिता का प्रतीक है। एक ऐसे घर का मालिक बनें जो शहर की हर सुविधा के बिल्कुल करीब हो। शहर के प्रमुख स्थानों से अच्छी तरह से जुड़ा होने के कारण, यह वह आदर्श स्थान है जिसकी आप तलाश कर रहे थे!





हिन्दुस्तान
10.01.2019

# पटना रिंग रोड अब 160 किलोमीटर लंबा होगा

पटना | हिन्दुस्तान ब्यूरो

पटना रिंग रोड अब 160 किलोमीटर लंबा होगा। इसका नया एलाइनमेंट तय कर लिया गया है, जो पहले से 30 किमी अधिक है। नया एलाइनमेंट कन्हौली- नौबतपुर-डुमरी-लखना-कच्ची दरगाह -बिदुपुर-चकसिकंदर से हाजीपुर शहर के उत्तर से सराय एनएच-77 को पार करते हुए एसएच-74 होते हुए एनएच-19 फोरलेन-दिघवारा-शेरपुर-कन्हौली होगा।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को पटना रिंग रोड के एलाइनमेंट का एरियल सर्वे किया। फिर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक कर पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। बैठक में तय हुआ कि यह रिंग रोड 60 मीटर चौड़ा बनाया जाएगा। पूर्व में रिंग रोड का एलाइनमेंट चकसिकंदर से एनएच-103 होते हुए हाजीपुर और इसके बाद एनएच19 होकर सोनपुर जेपी सेतु के समानांतर दीघा होते हुए कन्हौली तक 130 किमी का ही था। सर्वे में यह महसूस किया गया कि हाजीपुर शहर की सघन बसावट और यातायात के दबाव को देखते हुए रिंग रोड शहर के बाहर उत्तर दिशा की ओर बनाया जाए ताकि पटना व हाजीपुर का व्यापक फैलाव हो सके। ➤ देखें पेज 08




## दानापुर-शेरपुर के बीच नया पुल


दानापुर से शेरपुर के बीच रिंग रोड के हिस्से के रूप में गंगा नदी पर नया पुल बनाया जाएगा। साथ ही रिंग रोड से वैशाली को 4 लेन की संपर्कता प्रदान की जाएगी। बख्तियारपुर-ताजपुर के रास्ते आने वाले लोगों के लिए एनएच-103 से चकसिकंदर तथा ताजपुर-हाजीपुर रोड के माध्यम से रिंग रोड के सहारे वैशाली जाना आसान होगा।

## जेपी सेतु के समानांतर भी नया ब्रिज

यह भी निर्णय लिया गया कि राज्य सरकार जेपी सेतु के समानांतर 4 लेन का नया पुल अपने संसाधनों से बनाएगी। इस संबंध में डीपीआर की कार्रवाई शुरू करने का निर्देश सीएम ने दिया।

**30** किलोमीटर अधिक होगा रिंग रोड का नया एलाइनमेंट

**60** मीटर चौड़ा होगा पटना रिंग रोड बैठक में बनी सहमति के अनुसार



प्रभात खबर
20-02-2019

# धनरूआ में सड़क व मसौढ़ी में ओवरब्रिज का शिलान्यास

प्रतिनिधि ▷ मसौढ़ी

## • सरकार कर रही बिहार व देश का विकास : नंदकिशोर



सड़क का शिलान्यास करते मंत्री नंदकिशोर यादव व मंत्री रामकृपाल यादव.

**केंद्र** व सूबे की एनडीए सरकार मिलकर बिहार व देश का विकास कर रही है. यह अब जमीन पर दिखलायी पड़ने लगा है. उक्त बातें सूबे के पथ निर्माण मंत्री नंद किशोर यादव ने मंगलवार को धनरूआ के पभेड़ा स्थित विद्युत उपकेंद्र के मैदान में तीन सड़क मार्गों का रिमोट से शिलान्यास के दौरान कहीं. सूबे की एनडीए सरकार ने न्याय के साथ विकास का नारा दे रखा है, जबकि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने सबका साथ सबका विकास का नारा दिया है. दोनों सरकार विकास को लेकर संकल्पित है. मौके पर पथ निर्माण मंत्री नंदकिशोर यादव ने धनरूआ प्रखंड में 77.53 करोड़ की लागत से 26.90 किलोमीटर लंबी एनएच-01 (मुसनापर) से मसौढ़ी-नौबतपुर पथ (छोटकी टैंगरैला), 30.49 करोड़ की लागत से 9.75 किलोमीटर लंबी पभेड़ी मोड़-नेहबीगहा-बांसबिगहा पथ और 27.47 करोड़ की लागत से 8.80 किलोमीटर लंबी सांई-कादिरगंज पथ का शिलान्यास रिमोट से किया. मौके पर केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि उनके सांसद बनने से पूर्व उनका संसदीय क्षेत्र सड़क व बिजली के मामले में पिछड़ा था, लेकिन उनके प्रयास से हर गांव संपर्क मार्ग से जुड़ गया है और हर घर में आज बिजली है. समारोह को पूर्व विधायक अरुण मांझी व धर्मेंद्र प्रसाद, जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष मो शाहिद समेत अन्य लोगों ने संबोधित किया. धन्यवाद ज्ञापन पथ निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता (केंद्रीय अंचल) चंद्रभानु तिवारी ने किया. संचालन ओमप्रकाश कुमार ने किया. अतिथियों को मुख्य अभियंता अजीत कुमार, कार्यपालक अभियंता सुरेश प्रसाद सिंह व सहायक अभियंता अनुज ने गुलदस्ता देकर सम्मानित किया.

## तारेगना स्टेशन पर बनेगा पुल

**मसौढ़ी** . जाम से मसौढ़ीवासियों को राहत दिलाने मंगलवार को आरओबी का शिलान्यास केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री रामकृपाल यादव ने किया. वह मंगलवार को 3906.18 लाख की लागत से तारेगना स्टेशन के समपार फाटक संख्या-21 पर उपरगामी पुल व तारेगना स्टेशन के गया छोर पर 175.0 लाख की लागत से बनने वाले पैदल उपरगामी पुल का शिलान्यास किया. उन्होंने इसके लिए दानापुर के डीआरएम रंजन प्रकाश ठाकुर के प्रति आभार जताया. उन्होंने कहा कि तारेगना मठ के शहीद संजय कुमार सिन्हा के नाम पर लोगों ने तारेगना आरओबी के नामकरण की मांग की है, वह प्रयास करेंगे. तारेगना स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर आठ लाख की लागत से निर्मित शौचालय, दो लाख से स्टेशन प्रबंधक का कार्यालय, चार लाख से सर्कुलेटिंग एरिया के पार्क का, 15 लाख की लागत से प्लेटफॉर्म शेड और टीन शेड का, 20 लाख से एलइडी लाइट द्वारा स्टेशन का सौंदर्यीकरण व 6 लाख से ट्रैक के सौंदर्यीकरण का भी उद्घाटन रामकृपाल यादव ने किया. मौके पर पूर्व विधायक अरुण मांझी व धर्मेंद्र प्रसाद व अन्य थे.

दैनिक भास्कर
06.10.2018


### अगले हफ्ते राज्य कैबिनेट की मिलेगी मंजूरी, तब होगा टेंडर, सेंट्रल रोड फंड से मिलेगी राशि

# पहाड़ी से मसौढ़ी तक बनेगा 38 किमी फोरलेन, 400 करोड़ रुपए होंगे खर्च

इन्द्रभूषण | पटना

राजधानी के दक्षिणी इलाके में बसी लाखों की आबादी के दिन बहुरने वाले हैं। बाइपास के दक्षिण की तरफ पटना-गया रोड से पहाड़ी-मसौढ़ी रोड के बीच बसे लोगों को एक नया फोरलेन रोड मिलेगा। पहाड़ी-मसौढ़ी रोड के पूर्वी भाग के बारहगामा (12 बड़े गांव) के भी राजधानी से जुड़ने में आसानी हो जाएगी। केंद्र सरकार के सेंट्रल रोड फंड (सीआरएफ) की 400 करोड़ की राशि से पहाड़ी-मसौढ़ी रोड (स्टेट हाइवे-1) फोरलेन बनेगा। अगले हफ्ते राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में राजधानी की यातायात व्यवस्था को सुगम करने वाली 38.20 किमी लंबी इस परियोजना को मंजूरी मिलनी है। पथ निर्माण विभाग ने इस परियोजना को दो भागों में बांट कर डीपीआर बनाई है। पहाड़ी जीरोमाइल से बेलदारीचक (16.30 किमी) के निर्माण पर 175 करोड़ और बेलदारीचक से मसौढ़ी (22 किमी) के निर्माण पर 225 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

## कई गांवों में बसी आबादी को चारों तरफ से फोरलेन की सुविधा




**इनको भी सहूलियत** | इस सड़क के पूर्वी भाग के बारहगामा (सैदनपुर, ममाढ़ी, फतेहपुर, दौलतपुर, अकौना, जयवर, लखनपार, तारणपुर, कछुआरा और कंडाप) की बड़ी आबादी को भी पटना आने में काफी सहूलियत हो जाएगी। बैरिया में नया बस स्टैंड बन रहा है। वहां जाना भी आसान हो जाएगा।

राज्य सरकार की इस नई परियोजना (पहाड़ी-मसौढ़ी रोड) के फोरलेन बन जाने के बाद पटना बाइपास के दक्षिण बसी निमा, एकौना, सबलपुर, मिल्की, लंका कछुआरा, महुली, मोकिमपुर, बहुआरा, पैनपुरा, नाथुपुर, अकौना, शाहपुर, सैदानीचक समेत कई गांवों में बसी आबादी को चारों तरफ से फोरलेन सड़क का फायदा मिलने लगेगा। इन इलाकों के पश्चिमी तरफ पटना-गया-डोभी फोरलेन परियोजना के अंतर्गत पटना-पुनपुन-डुमरी-मसौढ़ी सड़क का फोरलेन निर्माण चालू है। वहीं दक्षिण तरफ बिहटा-डुमरी-सरमेरा फोरलेन परियोजना के अंतर्गत डुमरी-बैसा-लखना-बेलदारीचक सड़क भी बन रही है। उत्तरी भाग में पटना बाइपास पहले ही फोरलेन बन चुका है। ऐसे में पूर्वी भाग में बनने वाली इस नई पहाड़ी-संपतचक-गौरीचक-बेलदारीचक-फभेरी-मसौढ़ी सड़क के फोरलेन बन जाने के बाद इस इलाके का भाग्य ही बदल जाएगा।

पाटलिपुत्र टर्मिनल से निकलने वाली बसों को नहीं होगी परेशानी

# जीरोमाइल से मसौढ़ी मोड़ तक चौड़ी होगी सड़क

- डीएम ने की कार्यकारिणी समिति की बैठक, 120 फीट चौड़ी की जाएगी सड़क



## टर्मिनल परिसर और सड़क

## असामाजिक तत्वों पर करें कार्रवाई

## बस टर्मिनल में 28 यूरिनल और 20 स्नानघर बनेगा

हिन्दुस्तान
09-07-2018

केन्द्र से पैसा स्वीकृत होने में देरी के कारण राज्य सरकार ने लिया फैसला

# पटना-मसौढ़ी फोरलेन राज्य सरकार बनवाएगी


### बेलदारीचक तक ही थी फोरलेन की योजना

इस सड़क को पहले बेलदारीचक तक ही फोरलेन करने की योजना थी। उस योजना के अनुसार चार लेन की सड़क को बिहटा-सरमेरा रोड के क्रॉसिंग तक ले जाना था। लेकिन बाद में योजना बदल गई और इसे पटना-गया-डोभी सड़क एनएच 83 के क्रॉसिंग पर मिलाना है। लिहाजा अब इस सड़क को मसौढ़ी तक चार लेन करना होगा। फोरलेन बन जाने से इस सड़क पर जाम की समस्या से निजात मिलेगी।

पटना | हिन्दुस्तान ब्यूरो

### कवायद

- फोरलेन बनाने को डीपीआर तैयार करने में लगीं दो एजेंसियां
- सड़क के लिए जमीन अधिग्रहण करने की जरूरत नहीं होगी



38 किमी लम्बी है सड़क | 03 सौ 70 करोड़ खर्च होंगे | 04 लेन की बनेगी नई सड़क | 15 मीटर चौड़ी होगी सड़क




हि हिन्दुस्तान — ई-पेपर — शहर चुनें

होम | बिहार | देश | शॉर्ट वीडियो | ओलंपिक

पटना मास्टर प्लान के तहत ही अब शहर का विकास होगा। इसके तहत पटना और आसपास के 1167 वर्गकिलोमीटर क्षेत्रफल को शामिल किया है। इसमें उत्तर में गंगा नदी से दक्षिण में मसौढ़ी और धनरुआ तक के कुछ हिस्से में भी इसका विस्तार होगा।

2031 तक की संभावित जनसंख्या को ध्यान में रखकर पटना महानगर के विकास की योजना बनेगी। इलाके में बनने वाले भवन से लेकर नागरिक सुविधाओं, अस्पताल, शिक्षा, यातायात, कृषि आदि के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

अगला लेख

## बिहार के तीन जिलों में एक-एक स्टेशन का होगा निर्माण

**दैनिक भास्कर में प्रकाशित खबर** के मुताबिक, बुलेट ट्रेन का बिहार में बक्सर, पटना और गया जिलों में स्टॉपेज होगा. यहां एक-एक स्टेशन का निर्माण होगा. दिल्ली से वाराणसी होते हुए बक्सर के रास्ते पटना, गया होते हुए हावड़ा तक ट्रेन जाएगी. बुलेट ट्रेन रेललाइन पूरी तरह एलिवेटेड होगी.

# पटना में मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क के निर्माण की प्रक्रिया शुरू, बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के निर्माण के लिए लगभग 108 एकड़ जमीन की जरूरत है. इसके लिए फतुहा अंचल के जैतिया गांव में अधिग्रहण होना है. लॉजिस्टिक पार्क के निर्माण पर लगभग 168 करोड़ खर्च होने की संभावना है.

By Prabhat Khabar | May 19, 2023 3:52 AM




मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क के निर्माण के लिए लगभग 108 एकड़ जमीन की जरूरत है. इसके लिए फतुहा अंचल के जैतिया गांव में अधिग्रहण होना है. लॉजिस्टिक पार्क के निर्माण पर लगभग 168 करोड़ खर्च होने की संभावना है. सूत्र ने बताया कि जमीन अधिग्रहण में होनेवाले खर्च का 50 प्रतिशत नेशनल हाइवे लॉजिस्टिक मैनेजमेंट लिमिटेड अपने संसाधन से करेगा.

Also Read: पटना से 20 नए रूटों पर जल्द शुरू होगा इलेक्ट्रिक बसों का संचालन, पीपीपी मोड पर चलेंगी बसें

### अलग-अलग सेक्टर में काफी फायदे होंगे

लॉजिस्टिक पार्क का निर्माण बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (बियाडा), केंद्र सरकार की एजेंसी नेशनल हाइवे लॉजिस्टिक मैनेजमेंट लिमिटेड व रेल विकास निगम लिमिटेड एक साथ मिल कर करेगी. जैतिया मौजा का कनेक्शन आमस-दरभंगा फोर लेन के अलावा पटना-डोभी से है. इसके अलावा नेऊरा-दनियावां रेल लाइन से भी संपर्कता बढ़ेगी.आधिकारिक सूत्र ने बताया कि पार्क के निर्माण से अलग-अलग सेक्टर में काफी फायदे होंगे.

## FUN & CITY RESORT






Fun n City
RESTAURANT · BANQUET · ROOMS







